Faculty of Education

Institute of Advanced Studies in Education

(Deemed to be University)

Gandhi Vidya Mandir, Sardarshahr – 331403 Distt. Churu (Rajasthan)

E.mail. : bttc.gvm@gmail.com, URL: iaseuniversity.org.in, Mobile No. 9828438888

दिनांक – 05.04.2024

सांस्कृतिक प्रतियोगिता सप्ताह का आगाज

आई.ए.एस.ई. मानित विश्वविद्यालय, गांधी विद्या मंदिर, सरदारशहर के शिक्षा संकाय में सांस्कृतिक प्रतियोगिता सप्ताह प्रारम्भ किया गया। प्रथम दिवस को एकल गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। गायन में दो वर्ग भजन व देश भक्ति गीत रखे गये। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. पूराराम मेघवाल, अधिष्ठाता, शिक्षा संकाय व डॉ. कैलाश पारीक, अधिष्ठाता, कला व सामाजिक विज्ञान संकाय थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. अल्पना शर्मा ने की एवं निर्णायक की भूमिका डॉ. महेश शर्मा, डॉ. कुलराज व्यास, प्रशांत गुर्जर ने निभाई। भजन गायन में प्रथम स्थान सुभाष चंद्र शर्मा, द्वितीय स्थान दिव्या जोशी व तृतीय स्थान रजनी ने प्राप्त किया। देश भक्ति गीत में प्रथम स्थान तवेंद्र, द्वितीय स्थान दिव्या जोशी व तृतीय स्थान आत्मदान चारण ने प्राप्त किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी डॉ. उमा सैनी ने बताया कि सप्ताह के दौरान गायन (एकल, युगल, सामूहिक) नृत्य (एकल, युगल, सामूहिक) नाटक, एकांकी, एकाभिनय, मूकाभिनय, अंताक्षरी आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। संचालन अंजलि शर्मा बी.एड़ प्रशिक्षणार्थी ने किया। बी.एड. समेकित बी.एड. व डीएलएड के समस्त प्राध्यापक एवं प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

अधिष्ठाता